पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# राज्य संग्रहालय लखनऊ में 21 व 22 जून को पॉटरी वर्कशॉप का आयोजन

लखनऊः 20 जून 2025

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राज्य संग्रहालय, लखनऊ में "From Soil to Soul: Learn with Clay" विषयक एक विशेष पॉटरी वर्कशॉप (Pottery Workshop) का आयोजन किया जा रहा है, यह दो दिवसीय कार्यशाला 21 और 22 जून, 2025 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

यह कार्यशाला बनारसी बाग स्थित चिड़ियाघर परिसर में राज्य संग्रहालय लखनऊ में आयोजित होगी। इसका उद्देश्य पारंपरिक माटी शिल्प की तकनीकों को जन–सामान्य, विशेषकर युवाओं और बच्चों तक पहुंचाना है, ताकि वे भारतीय हस्तकला की जड़ों से जुड़ सकें और सृजनात्मकता के साथ मिट्टी को एक जीवन्त आकार देने की कला सीख सकें।

इस रचनात्मक सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मिट्टी के विभिन्न प्रकार, उनके उपचार, चाक पर बर्तन बनाना, सजावट की तकनीकें, और परंपरागत डिज़ाइन की जानकारी दी जाएगी। 'From Soil to Soul' इस थीम के माध्यम से यह दर्शाया जा रहा है कि मिट्टी से जुड़ाव न केवल एक कला प्रक्रिया है, बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करती है।

राज्य संग्रहालय के अधिकारियों के अनुसार, यह कार्यशाला हर उम्र के लोगों के लिए खुली है और विशेष रूप से विद्यार्थियों, कला प्रेमियों और शौकिया कुम्हारों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई है। कार्यशाला का वातावरण रचनात्मक और रंगीन बनाने के लिए इंद्रधनुष, तारे, व हस्तनिर्मित कलाकृतियों से सजी विशेष सजावट की जा रही है, जिससे प्रतिभागियों को प्रेरणा और आनंददायक अनुभव मिले।यह पहल संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पारंपरिक कलाओं के संरक्षण एवं नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक और सशक्त कदम है।

---

**सम्पर्क सूत्र– केवल**

राघवेन्द्र / 05:25 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in